सार-समाचार

महिला दंत चिकित्सक के साथ मारपीट

उदयपुर, (कासं)। प्रतापनगर थाना क्षेत्र में एक महिला डेंस्टिस्ट ने एक दम्पति के खिलाफ उसके क्लिनिक पर आकर उसके साथ मारपीट करने और तोडफोड करने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार न्यू बंसल डेन्टल क्लिनिक मानव विज्ञान केन्द्र के सामने केन्द्रीय विद्यालय रोड प्रतापनगर की डॉ निर्मला खटीक पुत्री रतनदास निवासी कोठारिया नाथद्वारा हाल आपणी ढाणी प्रतापनगर ने विश्वास बंशीवाल निवासी पुराना आरटीओ प्रतापनगर और इसकी पत्नी कोमल बंशीवाल के खिलाफ मामला दर्ज करवाया कि वह पेशे से डेन्टीस्ट है और एक क्लिनिक का संचालन करती है। वह 2 दिसम्बर को अपने क्लिनिक थी तभी यह दम्पति उसके क्लिनिक में चिकित्सक कक्ष में आए और आते ही कोमल ने उससे गाली-गलौच करने लगी। उसने दोनों को वहां से जाने के लिए और दोनों को उसके माता-पिता से बात करने के लिए कहा। इस पर कोमल ने उसे पकडा और विश्वास बंशीवाल ने मारपीट की। वह अपने मोबाईल से विडियो बनाने लगी तो इन्होने उसका मोबाईल छिन लिया और उसके साथ धक्का-मुक्की की। इन दोनो ने उसके क्लिनिंक पर कांच के टेबल को तोड दिया व अन्य सारा सामान अस्त-व्यस्त कर दिया। आरोपियों ने उसे धमकाय कि और उसे क्लिनिक संचालित करने पर धमकाया।

सड़क हादसे में युवक की मौत

उदयपुर, (कासं)। सुखेर थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से ईवेंट का काम करने वाले एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार गौरव (23) पुत्र बालकृष्ण शर्मा निवासी अम्बावाडी अंबामाता जो ईवेंट का काम करता था। यह 7 फरवरी को राजसमंद में ईवेंट का काम कर तडके अपनी बाईक पर उदयपुर की ओर आ रहा था। इस दौरान अम्बेरी पुलिया के पास में अज्ञात वाहन ने बाईक को टक्कर मार दी, जिससे यह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों ने चिकित्सालय भर्ती करवाया था, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हैड कांस्टेबल हिम्मतनाथ ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।इसी तरह शहर के सविना थाना क्षेत्र में भावना (35) पत्नी हेमंत जोशी निवासी बडौदा आसपुर डुंगरपुर हाल आईटी कॉलोनी सेक्टर 14 जो सीए सर्कल पर सब्जी लेने आई थी और सब्जी लेकर अपनी स्कूटी पर पुनः घर पर जा रही थी। इस दौरान सीए सर्कल पर एक अनियंत्रित कार ने इसकी स्कूटी को टक्कर मार दी, जिससे उछलकर डिवाईडर पर जा गिरी और सिर डिवाईडर से टकराने पर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसकी भी उपचार के दौरान मौत हो गई।

साप्ताहिक धरना प्रदर्शन रहा जारी

बांसवाड़ा, (निसं)। शिड्युल्ड एरिया संघर्ष समिति की ओर से प्रत्येक रविवार को दिया जा रहा साप्ताहिक धरना प्रदर्शन जारी रहा। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह भगोरा ने की जबकि मुख्य अतिथि वाडीलाल पारगी रहे। संघर्ष समिति पदाधिकारियों ने संविधान के अनुच्छेद 244(1) व पांचवी अनुसूची के तहत विशेषाधिकारों को अनुसूचित क्षेत्र में लागू करने की मांग की वहीं अनुसूचित क्षेत्र में निवासरत एसटी, एससी, ओबीसी, माइनॉरिटी व सामान्य वर्ग के लोगों को विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी नौकरी, पदोन्नति व प्रशिक्षण में जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण की व्यवस्था को लागू करने की मांग दोहराई। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि लगभग 1० वर्ष से धरना प्रदर्शन, रैली व ज्ञापन देकर राज्य सरकार तथा जनजाति सलाहकार परिषद् के सदस्यों 17 विधायकों को अवगत कराया गया लेकिन इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की गयी। इन लोगों ने कहा कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

अधेड़ की बस की चपेट से मौत

उदयपुर, (कासं)। डबोक थाना क्षेत्र में सडक पार कर रहे एक अधेड को बस ने टक्कर मार दी, जिससे इस अधेड की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार बाबरू (50) पुत्र थावरचंद मीणा निवासी केसरियावद धरियावद जो दरौली में रहता था और ट्रेक्टर चलाता था। यह अधेड शनिवार को दरौली पुलिया के पास में सडक पार कर रहा था। इस दौरान तेजगति में आई एक बस ने टक्कर मार दी, जिससे यह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे एमबी चिकित्सालय भर्ती करवाया गया, जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हैड कांस्टेबल गोविन्द ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

देशी पिस्टल के साथ एक गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। हिरणमगरी थाना पुलिस व स्पेशल टीम ने अवैध रूप से देशी पिस्टल लेकर घूमते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। हिरणमगरी थानाधिकारी भरत योगी और स्पेशल टीम प्रभारी श्याम सिंह रत्नू ने बताया कि सूचना मिली कि एक युवक अवैध रूप से पिस्टल लेकर घूम रहा है। पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए आरोपी दीपक गर्ग पुत्र अशोक गर्ग निवासी रेबारियो का बास भातून्द बाली पाली हाल गोकुल निवासी मनवाखेडा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से रिमाण्ड पर प्राप्त किया गया। आरोपी पिस्टल कहां से लाया था इस बारे में पूछताछ की जाएगी।

मजदूर की उपचार के दौरान मौत

उदयपुर, (कासं)। सुखेर थाना क्षेत्र में तबीयत खराब होने से एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार लालसिंह (30) पुत्र चैनसिंह निवासी खडोदा खैरोदा जो नवरत्न कॉम्पलेक्स में रहकर मजदूरी करता था। इस युवक की 4 फरवरी को अचानक तबीयत खराब हो गई थी, जिसे साथी मजदूरों ने एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया था, जहां पर उपचार के दौरान इस युवक ने दम तोड दिया।

सुंदरकांड पाठ आज

बांसवाड़ा, (निसं)। श्री हरिहर मारुति धाम डायलाब सत्संग मंडल की ओर से आज सोमवार सायं 7.3० बजे भारत नगर स्थित डॉ अशोक बाबू के निवास पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया जायेगा। इधर रातीतलाई स्थित चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में भी पवन जैन के यजमानत्व में सायं साढे सात बजे श्री हनुमत चरित्र पाठ किया जायेगा।

प्रतिभा राष्ट्र एवं समाज की धरोहर : सांसद डॉ रावत

उदयपुर, (कासं)। सुखाड़िया विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानन्द सभागार में रविवार को आयोजित 11वें अंचल स्तरीय जनजाति प्रतिभा सम्मान में समाज की 581 प्रतिभाओ को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उदयपुर सांसद मन्ना लाल रावत थे जबकि अध्यक्षता रघुवीर सिंह मीणा ने की।

संस्थान के अध्यक्ष प्रभुलाल डेंडोर ने संस्थान की गतिविधियों के साथ सभी अतिथियों को स्वागत किया और आगे अनवरत कार्यक्रम चलता रहे सभी से सहयोग का आ ान किया। उपाध्यक्ष सी बी मीना ने कार्यक्रम के थीम जनजाति अस्मिता से जुड़ी गोंडबाना की रानी दुर्गावती के जीवन परिचय कराया।महासचिव डॉ शंकर बामनिया

■ **अंचल स्तरीय जनजाति प्रतिभा सम्मान समारोह में 500 से अधिक प्रतिभाओं का हुआ सम्मान**

ने संस्थान द्वारा संपादित की जा रही प्रमुख गतिविधियों एवं आवंटित भूखंड पर भावी भवन निर्माण की रूपरेखा के बारे में बताया। मुख्यअतिथि के रूप में सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने कहा कि प्रतिभा राष्ट्र और समाज की धरोहर है जिनका संवारना समाज का दायित्व है और जनजाति समाज को अपने इतिहास, गौरव और अस्मिता से जुड़े नायकों से प्रेरणा से ओतप्रोत होकर अपनी सामाजिक सांस्कृतिक विरासत संवर्धन के साथ आगे बढ़ना चाहिए और समाज के युवाओं को बहुआयामी कौशल विकास के साथ अपना कैरियर बनाना चाहिए।

उदयपुर में सुखाड़िया विवि के स्वामी विवेकानन्द सभागार में 11वां अंचल स्तरीय जनजाति प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के संस्थापक रघुवीर सिंह मीणा ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे सम्मान समारोह सार्थकता तभी संभव है जब इसे समारोह राजनीतिक दलगत भावना ऊपर उठकर एकमंच पर आकर किए जाए और इस रूप में संस्थान सम्मान समारोह एक बेहतर उदाहरण है। प्रतिभा समारोह में उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, राजसमन्द, भीलवाड़ा, सिरोही, सलुम्बर एवं चितौड़गढ़ जिले के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से प्रतिभाओं का निखार करने वाले सर्व समाज के 60 शिक्षकों का शिक्षक गौरव सम्मान से तथा जनजाति समाज के 581 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में आयोजन का सबसे बड़ा एकल पुरस्कार 'श्री मानगढ़ धाम गौरव पुरस्कार' निलेश चरपोटा, जिला बाँसवाड़ा को दिया गया जो टेनेसी विश्वविद्यालय,नॉक्सविले, संयुक्त राज्य अमेरिका, केमिकल इंजीनियरिंग (पॉलिमर) विषय में पी.एचडी.की उपाधी एवं उसी विश्वविद्यालय में सहायक आचार्य के पद पदस्थापित होने पर दिया गया।

समारोह में 18 प्रतिभाओं को आदि कवि वाल्मीकि गौरव पुरस्कार जिन्होंने,I 'विश्वविद्यालयी परीक्षाओं में स्वर्ण पदक पीएच.डी. डिग्री प्राप्त करने वालो को दिये गये। 'मेवाड़ वीर राणा पूंजा भील प्रतिभा पुरस्कार' के अन्तर्गत 83 प्रतिभाओं को जो अखिल भारतीय या राज्य स्तरीय प्रतिष्ठित सेवाओं में चयनित हुए है इनके दिये,'वीर बालक एकलव्य प्रतिभा पुरस्कार' 198 प्रतिभाओं जिन्होने मेडिकल,प्रबन्धन, इंजीनियरिंग आदि से सम्बन्धित प्रतिष्ठित संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त किया है दिया'

शहीद वीर बाला काली बाई प्रतिभा पुरस्कार' में 171 प्रतिभाओं ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कियेए को सम्मानित किया गया है। शहीद नानकजी भील सामाजिक नेतृत्व पुरस्कार' में 55 समाजिक कार्यकर्ताओं को जिन्होंने अंचल के विभिन्न जिलों में प्रेरक सामाजिक कार्य किये है को दिये गयेपद्मश्री धनुर्धर लिम्बाराम खेल रत्न पुरस्कार' में 55प्रतिभाओं जिन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागी रहने वाले तथा राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर प्रतिष्ठित खेल स्पर्धा में पदक प्राप्त किये है को दिये गये।

108 तुलसी और शालिग्राम का सामूहिक विवाह संपन्न

कपासन, (निसं)। कपासन में विश्व सनातन हिंदू धर्म रक्षा संघ और स्थानीय नागरिकों द्वारा आयोजित 7 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में रविवार को एक अनूठा आयोजन देखने को मिला। श्री पंचमुखी बालाजी मंदिर परिसर में संत श्री राधेश्याम सुखवाल की उपस्थिति में 108 तुलसी और शालिठाम का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ।

इस मंगल अवसर पर श्री कल्याण राय जी मंदिर से दोपहर बाद भव्य बिन्दौली निकाली गई। बिन्दौली में बड़ी संख्या में सजे-धजे श्रद्धालु शामिल हुए, जिसमें महिलाएं पारंपरिक गीत गाती और नृत्य करती हुई चल रही थीं। यह बिन्दौली कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल तक पहुंची।विवाह समारोह में 121 जोड़ों ने यजमान बनकर तुलसी और शालिठाम के विवाह की सभी पारंपरिक रस्में निभाईंतोरण और फेरों के साथ विवाह संपन्न हुआ, जिसके बाद प्रसादी का वितरण किया गया। सात दिवसीय इस धार्मिक आयोजन का समापन सोमवार को मुंह दिखाई और पलंगचार की रस्मों के साथ होगा। यह आयोजन न केवल धार्मिक परंपराओं को जीवंत रखने का प्रयास है, बल्कि सामूहिक धार्मिक भावना को भी मजबूत करता है।1 संत श्री राधेश्याम सुखवाल की उपस्थिति में 108 तुलसी और शालिठाम का सामूहिक विवाह पंचमुखी बालाजी मंदिर परिसर में सम्पन्न हुआ।

पेसिफिक में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में फार्मेसी क्षेत्र के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और छात्रों ने भाग लिया।

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक यूनिवर्सिटी और एसोसिएशन ऑफ कम्युनिटी फार्मासिस्ट ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में चल रही दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेस डोमेन बियॉन्ड पेटेंटिंग एंड इमरजिंग फिल्ड इन फार्मेसी: अवसर और चुनौतियाँ का नवाचार और पेटेंट की उपयोगिता को आमजन तक पहुंचाने की अपील के साथ समापन हुआ।

सम्मेलन में फार्मेसी क्षेत्र के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और छात्रों ने भाग लिया। यहां ओरल प्रेजेंटेशन में प्रथम सलोनी भंडारी, द्वितीय डॉ. मनुषी , तृतीय डॉ. अंकिता जोशी, तनीषा अग्रवाल और प्रशांत प्रजापति, सांत्वना पुरस्कार उत्कर्ष परमार को मिला। पोस्टर में प्रथम महिमा खंडेलवाल, द्वितीय विनय मेवाडा, तृतीय साहिल उमराव और संस्कृति तथा विशाल स्वामी को पुरस्कृत किया गया।

पेसिफिक के संस्थापक राहुल अग्रवाल ने बताया कि पाहेर और गोवा सेंटर ऑफ इंटलेक्चुअल प्रोपर्टी राइट्स के बीच आईपीआर को लेकर एक एमओयू हुआ। यह करार यूनिवर्सिटी की शैक्षणिक गतिविधियों को आईपीआर के साथ आगे बढाने के लिए किया गया। मुख्य अतिथि बनाकर कंसल्टिंग सर्विसेज, वेस्टफील्ड, यूएसए के प्रोफेसर एवं अध्यक्ष डॉ. उमेश वी. बनाकर तथा विशिर्श्ट अतिथि प्रेसिडेंट पेसिफिक यूनिवर्सिटी प्रो. हेमंत कोठारी रहे। इंटैंजिया एडवाइजर्स एलएलपी की संस्थापक एवं प्रबंध भागीदार, पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क एजेंट तथा आई.पी.आर. अधिवक्ता एडवोकेट सुरभि शर्मा भी उपस्थित रहीं। इसके अलावा, सम्मेलन में डॉ. राहुल तनेजा (पेटेंट एवं ट्रेडमार्क एजेंट) और डॉ. एम्बर व्यास (एसोसिएट प्रोफेसर, रविशंकर शुक्ल विवि, रायपुर) ने अपने विचार साझा किए। प्रोफेसर उमेश वी. बनाकर ने कहा, आज के समय में बौद्धिक संपदा केवल पेटेंट तक सीमित नहीं है। हमें कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, ट्रेड सीक्रेट और अन्य बौद्धिक संपदा के स्वरूपों को भी समझना होगा। एडवोकेट सुरभि शर्मा ने कहा कि पेटेंट को प्रायोगिक रूप से उपयोग में लेना चाहिए। प्रेसिडेंट प्रो. भगवती प्रकाश शर्मा ने कहा कि वैकल्पिक बौद्धिक संपदा रणनीतियाँ और नवाचारों को कानूनी सुरक्षा देने के अन्य विकल्पों पर विचार किया जाना चाहिए।

सार-समाचार

वार्षिकोत्सव संस्कृति का आयोजन

भीण्डर, (निसं)। भीण्डर के द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज में षनिवार को वार्षिकोत्सव संस्कृति 2025 का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि मावली उपखण्ड अधिकारी रमेष सिरवी थे। अध्यक्षता भीण्डर एज्यूकेशन सोसायटी संस्थापक व पूर्व विधायक रणधीर सिंह भीण्डर ने की। विशिष्ट अतिथि द्रोणाचार्य कॉलेज निदेशक दीपेन्द्र कुंवर भीण्डर, ज्योति कुंवर भीण्डर, प्राचार्या डॉ. तरूणा सुथार आदि थे। अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वजित करके कार्यक्रम की शुरूआत की। वार्षिकोत्सव संस्कृति 2025 में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बलिदान की प्रतीक के रूप में चित्तौड़ जौहर पर नाट्यमंचन प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया। इसके अलावा छात्र-छात्राओं ने मेवाड़ी संस्कृति के साथ-साथ हिन्दी, पंजाबी गानों पर मनमोहक प्रस्तुतियां पेश की। वहीं एनसीसी कैडेट्स की देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुति ने भी खुब सुर्खियां बटोरी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मावली उपखण्ड अधिकारी रमेष सिरवी ने कहा कि कॉलेज षिक्षा के दौरान ही आपके जीवन के केरियर को दिषा मिलती है। इसलिए कॉलेज षिक्षा के दौरान खेल, सांस्कृतिक, षैक्षणिक, सहषैक्षणिक जैसी गतिविधियों में भाग लेकर अपनी रूचि के अनुसार जिस क्षेत्र में आगे बढ़ना हैं उसको चयन करना चाहिए। पूर्व विधायक रणधीरसिंह भीण्डर ने कहा कि कॉलेज के 10 वर्श पूर्ण हो चुके हैं।

380 यात्री रामेश्वरम के लिए रवाना

डूंगरपुर, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के देवस्थान विभाग की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत विशेष ट्रेन से डूंगरपुर रेलवे स्टेशन से डूंगरपुर व बांसवाडा जिलो के 380 तीर्थ यात्रियों को रामेश्वरम के लिए रवाना किया गया।रविवार को रेलवे स्टेशन परिसर क्षेत्र में समस्त तीर्थ यात्रियों को समारोहपूर्वक यात्रा के लिए रवान किया गया। आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी बंसीलाल कटारा, पूर्व जिला प्रमुख माधवलाल वरहात, समाजसेवी विमल सोनी, समाजसेवी गजेन्द्र सिंह सिसोदिया, देवस्थान विभाग सहायक उपायुक्त सुनील मत्तड मंचासीन रहें।समारोहपूर्वक में बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी बंशीलाल कटारा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजते हुए वरिष्ठ नागरिकों को पूर्ण सुविधाओं के साथ रामेश्वर सहित अन्य तीर्थ स्थानों पर यात्रा करवा रही है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक की मंशा होती है कि वे तीर्थ स्थानों की यात्रा करें और कई बार परिस्थितियों अथवा अन्य कारणों से संभव नही हो पाता है।

'सनातन धर्म सुरक्षित तो राष्ट्र सुरक्षित'

राजसमन्द, (निसं)। काबरी महादेव के पावन प्रांगण में हनुमान मंदिर पर धर्मध्वज कार्यक्रम में राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने सहभागिता की। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि यदि सनातन धर्म सुरक्षित है तो राष्ट्र सुरक्षित हाथों में है। एक कार्य पूरा हुआ तो अगले कार्य की शुरुआत कर देनी है, लेकिन हर कार्य राष्ट्र और सनातन धर्म के नाम पर होना चाहिए। विधायक ने कहा कि हर काम देश के नाम होना चाहिए, हमारा कोई व्यक्तिगत अस्तित्व नहीं है। यदि हमारा राष्ट्र सुरक्षित है, तो हमारा धर्म भी सुरक्षित रहेगा, यदि हमारा धर्म सुरक्षित है तो हम भी सुरक्षित रहेंगे। आध्यात्मिक साधना के बलबूते पर हम इस देश को पुनः विश्व गुरु की पदवी तक पहुंचा सकते हैं। आध्यात्मिक समृद्धि परंपरा के साथ-साथ राष्ट्र धर्म के लिए समर्पित एक महत्वपूर्ण कड़ी के साथ अपने आपको जोड़ रहे हैं। हमें प्रत्येक कार्य को व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर, समाज से ऊपर उठकर, मत और मजहब से ऊपर उठकर सनातन धर्म के मूल्यों के अनुरूप हर कार्य देश के नाम करना चाहिए। सनातन धर्म ही भारत का राष्ट्रीय धर्म है और इसे सुरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि धर्म और संस्कृति के माध्यम से समाज में सकारात्मकता और शांति का प्रसार होता है। ऐतिहासिक मंदिरों पर आक्रमण की घटनाओं का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग इन पवित्र स्थलों को नष्ट करने का काम करते थे, उनका कुल और वंश नष्ट हो गया।

उपराष्ट्रपति ने मेघवाल से कुशलक्षेम जानी

उदयपुर, (कासं)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड रविवार को उदयपुर प्रवास के दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कैलाशचंद्र मेघवाल के निवास पर पहुंचे। वहां उन्होंने मेघवाल से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम जानी। उपराष्ट्रपति मातृकुण्डिया चित्तौडगढ से वायुसेना के हेलीकॉप्टर से डबोक एयरपोर्ट आए। वहां से दोपहर करीब 1.10 बजे सडक मार्ग से रवाना होकर करीब 1.35 बजे उदयपुर शहर में अंबावगढ स्थित मेघवाल के निवास पर पहुंचे। यहां जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराडी, चित्तौडगढ सांसद सीपी जोशी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शांतिलाल चपलोत, पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, आईजी राजेश मीणा, कलक्टर नमित मेहता, एसपी योगेश गोयल सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने अगवानी की। उपराष्ट्रपति तथा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मेघवाल ने एक दूसरे का अभिवादन किया। उपराष्ट्रपति ने मेघवाल की कुशलक्षेम जानी। दोनों के मध्य कुछ देर चर्चा हुई। इस दौरान दोनों ने बीते समय की यादें ताजा की।

गैस प्लांट को लेकर फूटा गुस्सा

डूंगरपुर, (निसं)।गैस पाइप लाइन के सुचारु क्रियान्वयन को लेकर बनने वाले प्लांट के स्थापितं होने से पूर्व ही शहर के बाशिंदों का विरोध सामने आ रहा हैं। रविवार शाम 7 बजे सुभाषनगर कोलोनी के लोगो ने शिव मंदिर में बैठक आयोजित कर पीएनजी गेस प्लांट का विरोध दर्ज कराया है। वार्ड वासियो ने बताया कि रिहायशी कॉलोनी ओर हॉस्पिटल, बिजली विभाग तथा सरकारी कार्यलयों के होने के बावजुद भी नगरपरिषद ने एनओसी जारी कर दी है। जिससे परिषद की भूमिका भी संशय में है। कॉलोनीवासियों ने परिषद सहित प्रशासन को चेताते हुए कहा कि यदि प्लांट को अन्यत्र स्थापित नही किया गया तो कॉलोनीवासियों द्वारा उठाप्रदर्शन के साथ ही चक्का जाम किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी प्रसाशन की रहेगी। वही प्लांट से जनहानि होने की पूर्ण संभावना है जिसकी जिम्मेदारी प्रसाशन की रहेगी। वही सोमवार को कॉलोनीवासियों द्वारा होने वाले कार्यक्रम का विरोध भी किया जायेगा।

स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पुण्य का कार्य : के.के. गुप्ता

सिरोही/माउंट आबू, (निसं)। स्वच्छता एवं गौ माता संरक्षण अंतर्गत एक विषय सम्मेलन का आयोजन रविवार को होटल हिल लॉक में किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजस्थान सरकार के प्रदेश समन्वयक और स्वच्छ भारत मिशन भाजपा प्रदेश संयोजक के के गुप्ता रहे। सम्मेलन में डीएनटी बोर्ड भारत सरकार के सदस्य भरत पाटनी, नेशनल कोऑर्डिनेटर जगन्नाथ कुंज बिहारी और गीता अग्रवाल रहे।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए

■ **अपने गांव व शहर को स्वच्छ रखना जनप्रतिनिधि का प्रथम कर्तव्य : गुप्ता**

स्वच्छता एवं गौ माता के संबंध में विशेष सम्मेलन को के.के. गुप्ता ने संबोधित किया।

मुख्य अतिथि गुप्ता ने कहा कि अपने गांव और शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना एक जनप्रतिनिधि का प्रथम कर्तव्य होता है। स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण एक ऐसा पुण्य का कार्य है जिसके माध्यम से हम आमजन के जीवन को समृद्धशाली और खुशहाल बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि गौ माता के संरक्षण के लिए सबसे पहले प्लास्टिक उपयोग को प्रतिबंधित करना अति आवश्यक है। वही, गांव के निवासियों को भी यह चाहिए कि प्लास्टिक का उपयोग बिलकुल नहीं करें और उसे बाहर खुले में नहीं डाले।

गुप्ता ने कहा कि हमारे गांव और शहर में बने हुए पुराने तालाब कुवे तथा बावों को हमें सुरक्षित रखना होगा क्योंकि यह परंपरागत पेयजल के स्त्रोत होते हैं। पहले के समय में तालाबों में मवेशियों को पानी पिलाया जाता था किसान खेती के लिए पानी तालाबों से लेकर जाता था और गांव की महिलाएं कुवै तथा बाओ से ही पीने का पानी अपने घर लाती थी तथा तालाबों से पानी का जल स्तर बढता था लेकिन अब हम हमारे तालाबों के प्रति लापरवाह हो रहे हैं जिस कारण से तालाब गंदगी से भरे पडे हुए और तालाब के सीमांकन का भी पता नहीं है जिस कारण अतिक्रमण किया जा रहा है। तालाब के कारण ही उसे क्षेत्र के धरती के जलस्तर में वृद्धि होती है वही सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना हर घर नल एवं पानी देने के लिए तालाबों का रखरखाव अति आवश्यक है।उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्वच्छता अपनाने के लिए सर्वप्रथम कार्य यह करना होगा कि घर से निकलने वाला गीला और सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र किया जाए। उन्होंने कहा कि हमें हमारे जीवन में काम से कम एक बार एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए।

मोटर चोर गिरफ्तार

बांसवाड़ा, (निसं)। सज्जनगढ थाना पुलिस ने खेतों व मकानों के बोरवलों से पानी की मोटर चोरी करने के शातिर चोर को गिरफ्तार किया वहीं दो नाबालिग को डिटेन किया।

थानाधिकारी नागेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रार्थी 11 जनवरी को प्रार्थी प्रताप सिंह निवासी राठा धनराज ने रिपोर्ट दी कि 1० जनवरी को रात्रि के समय घर से 59 मीटर दूरी पर लगी मोटर सबमर्सिबल मय केबल कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गये। वहीं 1 फरवरी को प्रार्थी निलेश कुमार मेरावत निवासी राठधनराज ने रिपोर्ट दी कि राठ कॉलोनी सावित्री बाई फुले बालिका छात्रावास नजदीक उनके निर्माणाधीन मकान से 9 जनवरी की रात को अज्ञात लोगों द्वारा बोरिंग से सबमर्सिबल मोटर 2 एचपी की मय केबल चुरा ली गयी।

लगातार खेतों व मकानों के बोरवेलो से पानी की मोटरें चोरी होने की घटनाओं को लेकर पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला के निर्देशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश भारद्वाज व वृत्ताधिकारी मदनलाल बिश्नोई के सुपरविजन में संपत्ति संबंधित अपराधों में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये एरिया डॉमिनेशन अभियान के तहत थानाधिकारी नागेन्द्र सिंह राठौड मय जाप्ते की टीमों का गठन किया गया तथा आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की गयी।

भविष्य की दिशा तय करता है संविधान : प्रो. सारंगदेवोत

उदयपुर, (कासं)। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ की मेजबानी में अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना नई दिल्ली एवं माधव संस्कृति न्यास नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित 'भारतीय इतिहास, संस्कृति और संविधान' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी रविवार को संविधान में निहित भारतीय मूल्यों के संवर्धन के संकल्प के साथ

■ **डॉ. देव कोठारी व डॉ. एमपी जैन को बाबा साहब आप्टे राष्ट्रीय सम्मान**

सम्पन्न हुई। भारतीय इतिहास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले डॉ. देव कोठारी व डॉ. एमपी जैन को बाबा साहब आप्टे राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया। इनके साथ ही चार अन्य वरिष्ठ इतिहाससेवियों का भी सम्मान किया गया।

समापन सत्र में मुख्य अतिथि इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. बालमुकुंद पाण्डेय ने कहा कि हमारा राष्ट्र गान अपने आप में अखण्ड भारत का प्रतीक है। उसमें आने वाली पंक्ति में पंजाब, सिंध, गुजरात, मराठा, द्राविड़, उत्कल, बंग भारत के अखण्ड राष्ट्र के अंग हैं। उन्होंने कहा

'भारतीय इतिहास, संस्कृति और संविधान' पर राष्ट्रीय संगोष्ठी को कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने संबोधित किया।

कि स्वतंत्रता के बाद के संविधान से पहले भी भारत में संविधान था। उसमें सभासदों की सभा होती थी और ऋषियों की सभा होती थी। इसे लोकसभा और राज्यसभा का रूप माना जा सकता है। सभासद राजनैतिक चर्चा व निर्णय कर सकते थे तो ऋषिजन नैतिक मूल्यों के आधार पर पक्ष रखते थे। राजा कभी निरंकुश नहीं हो सकता था, उसे धर्म से दंडित किया जा सकता था। भारत का यह प्राचीन संविधान तब तक लागू था जब तक संविधान सेक्यूलर नहीं हुआ। अहं दण्डोस्मि श्लोक का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे प्राचीन ग्रंथों में इंद्र ने भी स्वयं को दंड के योग्य माना है। आदिकाल से भारत में राजतंत्र जब-जब निरंकुश हुआ, तब-तब लोकतंत्रात्मक राजतंत्र स्थापित करने का कार्य जनता ने किया।

कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि इतिहास हमें बताता है कि हम कहां से आए हैं और किस रूप में निर्मित हुए हैं। संस्कृति प्रदर्शित करती है कि विविधता में एकता लिए हम किस रूप में परिष्कृत हो रहे हैं, जबकि संविधान बताता है कि हमें भविष्य में कहां और किस दिशा में अग्रसर होना है। उन्होंने भी कहा कि व्यक्ति को अपनी मातृभाषा से दूर नहीं होना चाहिए।